३७. ॐ ह्रीं लोकबिन्दुमहासारचूलिकाश्रवणद्वयायै नमःअर्घ्यं....।
३८. ॐ ह्रीं स्थलगाख्यलसच्छीर्षायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
३९. ॐ ह्रीं जलगाख्यमहाकचायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४०. ॐ ह्रीं मायागतसुलावण्यायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४१. ॐ ह्रीं रूपगाख्यसुरूपिण्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४२. ॐ ह्रीं आकाशगतसौंदर्यायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४३. ॐ ह्रीं श्रीकलापिसुवाहनायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४४. ॐ ह्रीं निश्चयव्यवहारदृङ्नूपुरायै नमःअर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४५. ॐ ह्रीं बोधमेखलायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४६. ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्रशीलहारायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४७. ॐ ह्रीं महोज्ज्वलायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४८. ॐ ह्रीं नैगमामोघकेयूरायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
४९. ॐ ह्रीं संग्रहानघचोलकायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५०. ॐ ह्रीं व्यवहारोद्घकटकायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५१. ॐ ह्रीं ऋजुसूत्रसुकंकणायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५२. ॐ ह्रीं शब्दोज्ज्वलमहापाशायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५३. ॐ ह्रीं समभिरूढमहांकुशायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५४. ॐ ह्रीं एवंभूतसन्मुद्रायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५५. ॐ ह्रीं दशधर्ममहाम्बरायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५६. ॐ ह्रीं जपमालाल-सद्हस्तायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५७. ॐ ह्रीं पुस्तकांकितसत्करायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

५८. ॐ ह्रीं नयप्रमाणताटंकायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
५९. ॐ ह्रीं प्रमाणद्वयकर्णिकायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६०. ॐ ह्रीं केवलज्ञानमुकुटायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६१. ॐ ह्रीं शुक्लध्यानविशेषकायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६२. ॐ ह्रीं स्यात्कारप्राणजीवन्त्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६३. ॐ ह्रीं चिदुपादेयभाषिण्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६४. ॐ ह्रीं अनेकांतात्मकानंदपद्मासननिवासिन्यै नमःअर्घ्यं.....।
६५. ॐ ह्रीं सप्तभंगीसितच्छत्रायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६६. ॐ ह्रीं नयषट्कप्रदीपिकायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६७. ॐ ह्रीं द्रव्यार्थिकनयानूनपर्यायार्थिकचामरायै नमः अर्घ्यं....।
६८. ॐ ह्रीं कैवल्यकामिन्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
६९. ॐ ह्रीं ज्योतिर्मय्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७०. ॐ ह्रीं वाङ्मयरूपिण्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७१. ॐ ह्रीं पूर्वापराविरुद्धायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७२. ॐ ह्रीं गवे नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७३. ॐ ह्रीं श्रुत्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७४. ॐ ह्रीं देवाधिदेवतायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७५. ॐ ह्रीं त्रिलोकमंगलायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७६. ॐ ह्रीं भव्यशरण्यायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७७. ॐ ह्रीं सर्ववंदितायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७८. ॐ ह्रीं बोधमूर्तये नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
७९. ॐ ह्रीं शब्दमूर्तये नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८०. ॐ ह्रीं चिदानन्दैकरूपिण्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८१. ॐ ह्रीं शारदायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८२. ॐ ह्रीं वरदायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८३. ॐ ह्रीं नित्यायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

८४. ॐ ह्रीं भुक्तिमुक्तिफलप्रदायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८५. ॐ ह्रीं वागीश्वर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८६. ॐ ह्रीं विश्वरूपायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८७. ॐ ह्रीं शब्दब्रह्मस्वरूपिण्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८८. ॐ ह्रीं शुभंकर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
८९. ॐ ह्रीं हितंकर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९०. ॐ ह्रीं श्रीकर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९१. ॐ ह्रीं शंकर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९२. ॐ ह्रीं सत्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९३. ॐ ह्रीं सर्वपापक्षयंकर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९४. ॐ ह्रीं शिवंकर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९५. ॐ ह्रीं महेश्वर्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९६. ॐ ह्रीं विद्यायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९७. ॐ ह्रीं दिव्यध्वन्ये नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९८. ॐ ह्रीं मात्रे नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
९९. ॐ ह्रीं विद्वदाल्हाददायिन्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१००. ॐ ह्रीं कलायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०१. ॐ ह्रीं भगवत्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०२. ॐ ह्रीं दीप्तायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०३. ॐ ह्रीं सर्वशोकप्रणाशिन्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०४. ॐ ह्रीं महर्षिधारिण्यै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०५. ॐ ह्रीं पूतायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०६. ॐ ह्रीं गणाधीशावतारितायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०७. ॐ ह्रीं ब्रह्मलोकस्थिरावासायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
१०८. ॐ ह्रीं द्वादशाम्नाय देवतायै नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

पूर्णार्घ्य – शंभु छन्द

श्रुतज्ञान सकल यह द्वादशांग-मय जिनवर ध्वनि से प्रगट सांच।
इक सौ बारह करोड़ तेरासी, लाख अठावन सहस पांच।।
इन द्वादशांग अरु अंगबाह्य को, नित प्रति वंदन करता हूँ।
भक्ती से अर्घ्य चढ़ा करके, श्रुतज्ञान ज्योति को धरता हूँ।।१०९।।

ॐ ह्रीं तीर्थंकरमुखकमलविनिर्गत द्वादशांगमयी सरस्वतीदेव्यै पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप्य मंत्र – ॐ ह्रीं श्रीं वद वद वाग्वादिनि भगवति सरस्वति ह्रीं नमः।

(सुगंधित पुष्प, लवंग या पीले चावल से १०८ बार मंत्र को जपें।)

जयमाला

शंभु छंद

जय जय तीर्थंकर धर्म चक्रधर, जय प्रभु समवसरण स्वामी।
जय जय त्रिभुवन त्रयकाल एक, क्षण में जानो अंतर्यामी।।
जय सब विद्या के ईश आप की, दिव्यध्वनी जो खिरती है।
वह तालु-ओष्ठ-कंठादिक के, व्यापार रहित ही दिखती है।।१।।

अठरह महाभाषा सातशतक, क्षुद्रक भाषामय दिव्य धुनी।
उस अक्षर अनक्षरात्मक को, संज्ञी जीवों ने आन सुनी।।
तीनों संध्या कालों में वह, त्रय त्रय मुहूर्त स्वयमेव खिरे।
गणधर-चक्री अरु इंद्रों के, प्रश्नों वश अन्य समय भि खिरे।।२।।

भव्यों के कर्णों में अमृत, बरसाती शिव सुखदानी है।
चैतन्य सुधारस की झरणी, दुखहरणी यह जिनवाणी है।।
जन चार कोश तक इसे सुनें, निजनिज के सब कर्तव्य गुनें।
नित ही अनंत गुण श्रेणिरूप, परिणाम शुद्ध कर कर्म हनें।।३।।

छह द्रव्य पांच हैं अस्तिकाय, अरु तत्त्व सात नवपदार्थ भी।
इनको कहती ये दिव्यध्वनी, सबजन हितकर शिवमार्ग सभी।।
आनन्त्य अर्थ के ज्ञान हेतु, जो बीज पदों का कथन करे।
अतएव अर्थकर्ता जिनवर, उनकी ध्वनि मेघ समान खिरे।।४।।

उन बीजपदों में लीन अर्थ, प्रतिपादक बारह अंगों को।
गणधर गुरु गूंथे अतएव ग्रन्थ-कर्ता मानें वंदूं उनको।।
जिन श्रुत ही महातीर्थ उत्तम, उसके कर्ता तीर्थंकर हैं।
ये सार्थक नाम धरें जग में, इससे तिरते भवसागर हैं।।५।।

जय जय प्रभुवाणी कल्याणी, गंगाजल से भी शीतल है।
जय जय शमगर्भित अमृतमय, हिमकण से भी अति शीतल है।।
चंदन अरु मोतीहार चंद्र-किरणों से भी शीतलदायी।
स्याद्वादमयी प्रभु दिव्यध्वनी, मुनिगण को अतिशय सुखदायी।।६।।

वस्तू में धर्म अनंत कहे, उन एक एक धर्मों को जो।
यह सप्तभंगि अद्भुत कथनी, कहती है सात तरह से जो।।
प्रत्येक वस्तु में विधि निषेध, दो धर्म प्रधान गौण मुख से।
वे सात तरह से हों वर्णित, नहिं भेद अधिक अब हो सकते।।७।।

प्रत्येक वस्तु है अस्तिरूप, अरु नास्तिरूप भी है वो ही।
वो ही है उभयरूप समझो, फिर अवक्तव्य भी है वो ही।।
वो अस्तिरूप अरु अवक्तव्य, फिर नास्ति अवक्तव्य भंग धरे।
फिर अस्तिनास्ति अरु अवक्तव्य, ये सात भंग हैं खरे खरे।।८।।

इस सप्तभंगमय सिंधू में जो, नित अवगाहन करते हैं।
वे मोह-राग-द्वेषादिरूप, सब कर्मकालिमा हरते हैं।।
वे अनेकांतमय वाक्यसुधा, पीकर आतमरस चखते हैं।
फिर परमानंद परमज्ञानी, होकर शाश्वत सुख भजते हैं।।९।।

मैं निज अस्तित्व लिये हूँ नित, मेरा पर में अस्तित्व नहीं।
मैं चिच्चैतन्य स्वरूपी हूँ, पुद्गल से मुझ नास्तित्व सही।।
इस विध निज को निज के द्वारा, निज में ही पाकर रम जाऊँ।
निश्चयनय से सब भेद मिटा, सब कुछ व्यवहार हटा पाऊँ।।१०।।

भगवन्! कब ऐसी शक्ति मिले, श्रुत दृग् से निज को अवलोकूँ।
फिर स्वसंवेद्य निज आतम को, निज अनुभव द्वारा मैं खोजूँ।।

संकल्प विकल्प सभी तज के, बस निर्विकल्प मैं बन जाऊँ।
फिर केवल 'ज्ञानमती' से ही, निज को अवलोकूं सुख पाऊँ।।११।।

दोहा — **सब भाषामय दिव्यध्वनि, वाङ्मय गंगातीर्थ।**
इसमें अवगाहन करूँ, बन जाऊँ जग तीर्थ।।१२।।

ॐ ह्रीं तीर्थंकरमुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयीसरस्वतीदेव्यै जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

इदमष्टोत्तरशतं, भारत्याः प्रतिवासरं।
यः प्रकीर्तयते भक्त्या, स वै वेदांतगो भवेत् ।।१।।

कवित्वं गमकत्वं च , वादितां वाग्मितामपि।
समाप्नुयादिदं स्तोत्र-मधीयानो निरंतरं।।२।।

आयुष्यं च यशस्यं च, स्तोत्रमेतदनुस्मरन्।
श्रुतकेवलितां लब्ध्वा, सूरिर्ब्रह्म भजेत्परं।।४।।

इत्याशीर्वादः। पुष्पाञ्जलिः

सरस्वती स्तोत्र

चन्द्रार्क-कोटिघटितोज्ज्वल-दिव्य-मूर्ते!
श्रीचन्द्रिका-कलित-निर्मल-शुभ्रवस्त्रे!
कामार्थ-दायि-कलहंस-समाधिरूढे ।
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि ! ।।१।।

देवा-सुरेन्द्र-नतमौलिमणि-प्ररोचि,
श्रीमंजरी-निविड-रंजित-पादपद्मे !
नीलालके ! प्रमदहस्ति-समानयाने!
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि ! ।।२।।

केयूरहार-मणिकुण्डल-मुद्रिकाद्यैः,
सर्वाङ्गभूषण-नरेन्द्र-मुनीन्द्र-वंद्ये !
नानासुरत्न-वर-निर्मल-मौलियुक्ते !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि ! ।।३।।

मंजीरकोत्कनककंकणाकिंकणीनां,
कांच्याश्च झंकृत-रवेण विराजमाने !
सद्धर्म-वारिनिधि-संतति-वर्द्धमाने !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि! ।। ४।।

कंकेलिपल्लव-विनिंदित-पाणियुग्मे !
पद्मासने दिवस-पद्मसमान-वक्त्रे !
जैनेन्द्र-वक्त्र-भवदिव्य-समस्त-भाषे !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि! ।। ५।।

अर्द्धेन्दुमण्डितजटाललितस्वरूपे !
शास्त्र-प्रकाशिनि-समस्त-कलाधिनाथे!
चिन्मुद्रिका-जपसराभय-पुस्तकांङ्के !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि!।।६।।

डिंडीरपिंड-हिमशंखासिता-भ्रहारे!
पूर्णेन्दु-बिम्बरुचि-शोभित-दिव्यगात्रे!
चांचल्यमान-मृगशावललाट-नेत्रे !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि! ।।७।।

पूज्ये पवित्रकरणोन्नत-कामरूपे!
नित्यं फणीन्द्र-गरुडाधिप-किन्नरेन्द्रैः!
विद्याधरेन्द्र-सुरयक्ष-समस्त-वृन्दैः,
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि !।।८।।

सरस्वत्याः प्रसादेन, काव्यं कुर्वन्ति मानवाः।
तस्मान्निश्चल-भावेन , पूजनीया सरस्वती।।९।।

श्री सर्वज्ञ मुखोत्पन्ना, भारती बहुभाषिणी।
अज्ञानतिमिरं हन्ति, विद्या-बहुविकासिनी।।१०।।

सरस्वती मया दृष्टा, दिव्या कमललोचना।
हंसस्कन्ध-समारूढा, वीणा-पुस्तक-धारिणी।।११।।

प्रथमं भारती नाम, द्वितीयं च सरस्वती।
तृतीयं शारदादेवी, चतुर्थं हंसगामिनी।।१२।।

पंचमं विदुषां माता, षष्ठं वागीश्वरी तथा।
कुमारी सप्तमं प्रोक्ता, अष्टमं ब्रह्मचारिणी।।१३।।

नवमं च जगन्माता, दशमं ब्राह्मिणी तथा।
एकादशं तु ब्रह्माणी, द्वादशं वरदा भवेत् ।।१४।।

वाणी त्रयोदशं नाम, भाषा चैव चतुर्दशं।
पंचदशं श्रुतदेवी च , षोडशं गौर्निगद्यते।।१५।।

एतानि श्रुतनामानि, प्रातरुत्थाय यः पठेत्।
तस्य संतुष्यति माता, शारदा वरदा भवेत् ।। १६।।

सरस्वती ! नमस्तुभ्यं, वरदे ! कामरूपिणि!
विद्यारंभं करिष्यामि, सिद्धिर्भवतु मे सदा।।१७।।

।। इति श्री सरस्वती नाम स्तोत्रम् ।।

प्रशस्ति

महावीर प्रभू की जन्मभूमि, कुण्डलपुर को शत शत वन्दन।
श्रीऋषभदेव से पार्श्वनाथ तक, जन्मभूमि को भी प्रणमन।।
श्री सरस्वती माँ के प्रसाद से, मुझको किंचित् ज्ञान मिला।
श्री 'सरस्वती पूजन विधान', रचने का पुण्य प्रभात खिला।।१।।

पच्चिस सौ तीस वीर संवत, शुक्ला कार्तिक पूनम तिथि में।
इस विधान को पूरण करके, मैं अतिशय हर्षित हूँ मन में।।
बीसवीं सदी के श्रेष्ठ प्रथम, आचार्य शांतिसागर माने।
इन पट्टाधीश प्रथम गुरुवर, आचार्य वीरसागर माने।।२।।

इन शिष्या गणिनी ज्ञानमती, मैंने अतिशायि विधान रचे।
जिनवर भक्ती परिणाम शुद्धि, हेतू बस कई सुग्रन्थ रचे।।
माँ सरस्वती की भक्ती ही, मुझ ज्ञानवृद्धि में कारण है।
गुरुओं की भक्ती भवतरणी, चारित्रशुद्धि का साधन है।।३।।

यह सरस्वती विधान करके, भक्तों! निज ज्ञान शुद्ध कर लो।
वर समीचीन ज्ञान बल से, निज मानव जन्म सफल कर लो।।
जब तक तीर्थंकर जन्मभूमि, तीरथ जग में कीर्ती पावें।
तब तक विधान यह इस जग में, जन करें करावें सुख पावें।।४।।

दोहा — सब भाषामय शारदे! मुझको दो वरदान।
सम्यग्ज्ञानमती सहित, पाऊँ केवलज्ञान ।। ५।।

ज्ञान पचीसी व्रत विधि

ज्ञान पचीसी व्रत[१] में ग्यारस के ग्यारह उपवास और चौदश के चौदह उपवास ऐसे पच्चीस उपवास होते हैं। यह व्रत ग्यारह अंग और चौदह पूर्व ज्ञान की आराधना के लिए किया जाता है। इसको श्रावण सुदी चतुर्दशी से करने का विधान है।

मतांतर से इस व्रत में दशमी के दश उपवास और पूर्णिमा के पंद्रह उपवास करने का भी विधान है।

इस व्रत में प्रधानरूप से श्रुतस्कंध यंत्र का अभिषेक एवं श्रुतज्ञान (सरस्वती) की पूजा करना चाहिए।

प्रत्येक व्रत की उत्तम विधि तो उपवास ही है। मध्यम एवं जघन्य विधि में शक्ति के अनुसार एकाशन या अल्पाहार करके भी व्रत किया जा सकता है। व्रत के दिन जिनेन्द्रदेव एवं श्रुतस्कंध यंत्र अथवा सरस्वती की मूर्ति का पंचामृत अभिषेक करके पूजा करें, पुनः सरस्वती के १०८ नामों को पढ़ते हुए एक-एक मंत्रों का उच्चारण कर सुगंधित पुष्प, लवंग या पीले चावलों को चढ़ावें। अनंतर समुच्चय मंत्र से एक जाप्य करें।

समुच्चय जाप्य— ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूतद्वादशांगाय नमः।

ग्यारह अंग और चौदह पूर्व संबंधी व्रतों में पृथक्-पृथक् जाप्य भी करना चाहिए।

ग्यारह अंग की ११ जाप्य —

१ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-आचारांगाय नमः
२ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-सूत्रकृतांगाय नमः
३ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-स्थानांगाय नमः
४ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-समवायांगाय नमः
५ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-व्याख्याप्रज्ञप्ति अंगाय नमः
६ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-नाथधर्मकथांगाय नमः

१. "व्रततिथिनिर्णय" पृ. २१४।

७ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-उपासकाध्ययनांगाय नमः
८ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-अंतकृत्दशांगाय नमः
९ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-अनुत्तरोपपादिकदशांगाय नमः
१० —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-प्रश्नव्याकरणांगाय नमः
११ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-विपाकसूत्रांगाय नमः

चौदह पूर्वों की १४ जाप्य —

१ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-उत्पादपूर्वाय नमः
२ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-अग्रायणीयपूर्वाय नमः
३ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-वीर्यानुप्रवादपूर्वाय नमः
४ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-अस्तिनास्तिप्रवादपूर्वाय नमः
५ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-ज्ञानप्रवादपूर्वाय नमः
६ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-सत्यप्रवादपूर्वाय नमः
७ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-आत्मप्रवादपूर्वाय नमः
८ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-कर्मप्रवादपूर्वाय नमः
९ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-प्रत्याख्यानपूर्वाय नमः
१० —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-विद्यानुप्रवादपूर्वाय नमः
११ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-कल्याणप्रवादपूर्वाय नमः
१२ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-प्राणावायप्रवादपूर्वाय नमः
१३ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-क्रियाविशालपूर्वाय नमः
१४ —ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भूत-लोकबिंदुसारपूर्वाय नमः

इस व्रत के २५ उपवास एक वर्ष में करें। ऐसे एक वर्ष तक या बारह[१] वर्ष तक भी यह व्रत किया जाता है। व्रत पूर्ण करके यथाशक्ति उद्यापन करना चाहिए।

इस व्रत के प्रसाद से मनुष्य श्रुतज्ञान को प्राप्त कर अगले भव में श्रुतकेवली होकर परम्परा से केवलज्ञान को प्राप्त करने में समर्थ हो जावेगा।

१. व्रत तिथि निर्णय, पृ. २१६।

सरस्वती माता की आरती

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

आरति करो रे,
जिनवाणी माता सरस्वती की, आरति करो रे।
द्वादशांगमय श्रुतदेवी का, श्रेष्ठ तिलक सम्यग्दर्शन।
वस्त्र धारतीं चारित के, चौदह पूरब के आभूषण।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
आकार सहित उन श्रुतदेवी की, आरति करो रे।।१।।

इनके आराधन से ज्ञानावरण कर्म क्षय होता है।
मति श्रुत ज्ञान प्राप्त होकर, अज्ञान स्वयं व्यय होता है।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
तीर्थंकर प्रभु की दिव्यध्वनि की, आरति करो रे।।२।।

मनपर्ययज्ञानी गणधर भी, श्रुत आराधन करते हैं।
तभी घातिया कर्म नाशकर, केवलज्ञानी बनते हैं।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
कैवल्यमयी शीतलवाणी की, आरति करो रे।।३।।

मुनि के अंग पूर्व की महिमा, तो आगम में मिलती है।
सम्यग्दृष्टि आर्यिका ग्यारह, अंगों को पढ़ सकती हैं।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
सौंदर्यवती माँ सरस्वती की, आरति करो रे।।४।।

शुभ्र वस्त्र धारणी हंस-वाहिनी सरस्वती माता हैं।
शुभ्र ज्ञानकिरणों से युत, ''चंदना'' यही श्रुतमाता हैं।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
श्रुतज्ञान समन्वित सरस्वती की, आरति करो रे।।५।।

सरस्वती-चालीसा

रचयित्री-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

दोहा

तीर्थंकर मुख से खिरी, नमूँ दिव्यध्वनि सार।
द्वादशांगमय सरस्वती, को वन्दन शत बार।।१।।

बुद्धि प्रखरता के लिए, करूँ मात गुणगान।
जड़ता मेरी दूर हो, पाऊँ ऐसा ज्ञान।।२।।

चालीसा माध्यम बने, गुण वर्णन में सार्थ।
हों प्रसन्न माँ सरस्वती, मुझ मन में साकार ।।३।।

चौपाई

जय माँ सरस्वती जिनवाणी, जय वागीश्वरि जय कल्याणी।।१।।
शारद मात तुम्हारी जय हो, तुम जिनवर मन में अक्षय हो।।२।।
द्वादशांगमय रूप तुम्हारा, ज्ञानीजन को लगता प्यारा।।३।।
वह आध्यात्मिक ज्ञान अपूरब, ग्यारह अंग चतुर्दश पूरब।।४।।
आचारांग प्रथम कहलाता, सूत्रकृतांग द्वितीय सुहाता।।५।।
तीजा स्थानांग कहा है, समवायांग चतुर्थ रहा है।।६।।
व्याख्याप्रज्ञप्ती है पंचम, ज्ञातृकथा शुभ अंग है षष्ठम् ।।७।।
उपासकाध्ययनांग है सप्तम, अन्तःकृद्दश अंग जु अष्टम् ।।८।।
नवम अनुत्तरदशांग आता, दशम प्रश्नव्याकरण कहाता।।९।।
सूत्रविपाक नाम ग्यारहवाँ, दृष्टीवाद कहा बारहवाँ।।१०।।
दृष्टिवाद के पाँच भेद हैं, जिन्हें बताते जैन वेद हैं।।११।।
पहला है परिकर्म सुहाना, सूत्र पूर्वगत क्रमशः माना।।१२।।
है प्रथमानुयोग फिर चौथा, पंचम भेद चूलिका होता।।१३।।
चौदह भेद पूर्वगत के हैं, आगम में सार्थक वर्णे हैं।।१४।।

प्रथम कहा उत्पादपूर्व है, दूजा अग्रायणी पूर्व है।।१५।।
वीर्यप्रवाद पूर्व है तीजा, अस्तीनास्ति प्रवाद है चौथा।।१६।।
ज्ञानप्रवाद पूर्व है पंचम, सत्यप्रवाद पूर्व है षष्ठम् ।।१७।।
सप्तम पूर्व है आत्मप्रवादम्, कर्मप्रवाद पूर्व है अष्टम् ।।१८।।
नवमा प्रत्याख्यान पूर्व है, पुनि विद्यानुप्रवाद पूर्व है।।१९।।
पूर्व कहा कल्याणवाद है, प्राणावाय पूर्व द्वादश है।।२०।।
क्रियाविशाल पूर्व तेरहवाँ, लोकबिन्दुसारम् चौदहवाँ।।२१।।
ग्यारह अंग चतुर्दश पूरब, इनसे युत जिनवचन अपूरब।।२२।।
वीरप्रभू की दिव्यध्वनि है, गौतम गणधर की कथनी से।।२३।।
यह श्रुत प्रगट हुआ धरती पर, आचार्यों की बना धरोहर ।।२४।।
परम्पराचार्यों ने पाया, भव्यों को उपदेश सुनाया।।२५।।
वर्तमान के इस कलियुग में, अंगपूर्व उपलब्ध न जग में।।२६।।
उनके अंशरूप हैं आगम, वर्तमान के श्रुत परमागम।।२७।।
षट्खण्डागम आदि ग्रंथ हैं, धवलादिक टीका से युत हैं।।२८।।
उस पर नूतन संस्कृत टीका , गणिनी ज्ञानमती जी ने लिखा।।२९।।
वर्तमान में चतुरनुयोगा, उसमें ही श्रुत गर्भित होगा।।३०।।
जो भी सब उपलब्ध शास्त्र हैं, उनसे कर लो सिद्ध स्वार्थ है।।३१।।
सरस्वती माँ का आराधन, करता है पापों का क्षालन।।३२।।
जिनवाणी के कई नाम हैं, सरस्वती भारती धाम है।।३३।।
शारद माँ तुम हंसवाहिनी, विदुषी वागीश्वरी ब्राह्मणी।।३४।।
ब्रह्मचारिणी और कुमारी, कहें जगन्माता सुखकारी।।३५।।
श्रुतदेवी भाषा गौ वाणी, विदुषी सर्वमता प्रभु वाणी।३६।।
इन सोलह नामों युत माता, मेरे मन की हरो असाता।।३७।।
अनेकान्तमय अमृत झरिणी, श्रुतज्ञान की तुम निर्झरिणी।।३८।।
तुममें हो अवगाहन मेरा, हो जावे बस ज्ञान उजेरा।।३९।।
यही एक अभिलाषा मेरी, मिटे ज्ञान से भव की फेरी।।४०।।

शंभु छंद

यह श्रुत चालीसा जो भविजन, प्रतिदिन श्रद्धा से पढ़ लेंगे।
लौकिक आध्यात्मिक ज्ञान सभी, वे अपने मन में भर लेंगे।।
पच्चिस सौ चौबिस वीर संवत् की, श्रुत पंचमी तिथी आई।
''चन्दनामती'' निज भावों में, श्रुतभक्ती गंगा भर लाई।।१।।

यह ज्ञानगंग बन करके मेरे, मन को पावन कर देवे।
जग को अपनी पावनता की, सौरभता का परिचय देवे।।
निज पर की जड़ता क्षय करने का, भाव मात्र इस रचना में।
जिनदेव शास्त्र गुरु की छाया, मेरे जीवन में सदा मिले।।२।।

दोहा

सरस्वती माँ के चरण, में अर्पित यह पुष्प।
चालीसा के निमित्त से, करूँ भाव निज शुद्ध।।३।।

विधान की रचयित्री गणिनीप्रमुख
श्री ज्ञानमती माताजी की पूजन

रचयित्री-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

स्थापना

पूजन करो जी-

श्री गणिनी ज्ञानमती माताजी की, पूजन करो जी।
जिनकी पूजन करने से, अज्ञान तिमिर नश जाता है।
जिनकी दिव्य देशना से, शुभ ज्ञान हृदय बस जाता है।।
उनके श्री चरणों में, आह्वानन स्थापन करते हैं।
सन्निधिकरण विधीपूर्वक, पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।।
पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।.......

पूजन करो जी,
श्री गणिनी ज्ञानमती माताजी की पूजन करो जी।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मातः ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मातः ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मातः ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

अष्टक

Dé kéâ —**ज्ञानमती जी नाम तुम्हारा, ज्ञान सरित अवगाहन है।**
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।

मुझ अज्ञानी ने माँ जब से, तेरी छाया पाई है।
तब से दुनिया की कोई छवि, मुझको लुभा न पाई है।।
ज्ञानामृत जल पीने हेतू, तव पद में मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।१।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन और सुगंधित गंधों, की वसुधा पर कमी नहीं।
लेकिन तेरी ज्ञान सुगन्धी, से सुरभित है आज मही।।
उसी ज्ञान की सौरभ लेने, को आतुर मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।२।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

जग के नश्वर वैभव से, मैंने शाश्वत सुख था चाहा।
पर तेरे उपदेशों से, वैराग्य हृदय मेरे भाया।।
अक्षय सुख के लिए मुझे, तेरा प्रवचन ही साधन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।३।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कामदेव ने निज बाणों से, जब युग को था ग्रसित किया।
तुमने अपनी कोमल काया, लघुवय में ही तपा दिया।।
इसीलिए तव पद में आकर, शान्त हुआ मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।४।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मानव सुन्दर पकवानों से, अपनी क्षुधा मिटाते हैं।
लेकिन उनके द्वारा भी नहिं, भूख मिटा वे पाते हैं।।
आत्मा की संतृप्ति हेतु, तव वाणी मेरा भोजन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।५।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्युत के दीपों से जग ने, गृह अंधेर मिटाया है।
ज्ञान का दीपक लेकर तुमने, अन्तरंग चमकाया है।।
घृत का दीपक लेकर माता, हम करते तव प्रणमन हैं।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।६।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मों ने ही अब तक मुझको, यह भव भ्रमण कराया है।
तुमने उन कर्मों से लड़कर, त्याग मार्ग अपनाया है।।
धूप जलाकर तेरे सम्मुख, हम करते तव पूजन हैं।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।७।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

कितने खट्टे मीठे फल को, मैंने अब तक खाया है।
तुमने माँ जिनवाणी का, अनमोल ज्ञानफल खाया है।।
तव पूजनफल ज्ञाननिधी, मिल जावे यह मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।८।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

पिच्छि कमण्डलुधारी माता, नमन तुम्हें हम करते हैं।
अष्टद्रव्य का थाल सजाकर, अर्घ्य समर्पण करते हैं।।
युग की पहली ज्ञानमती के, चरणों में अभिवन्दन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।९।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शेरछंद

हे माँ तू ज्ञान गंग की पवित्र धार है।
तेरे समक्ष गंगा की लहरें बेकार हैं।।
उस धार की कुछ बूँदों से जलधार मैं करूँ।
वह ज्ञान नीर मैं हृदय के पात्र में भरूँ।।

शांतये शांतिधारा.....।।

स्याद्वाद अनेकान्त के उद्यान में माता।
बहुविध के पुष्प खिले तेरे ज्ञान में माता।।
कतिपय उन्हीं पुष्पों से मैं पुष्पांजलि करूँ।
उस ज्ञानवाटिका में ज्ञान की कली बनूँ।।

दिव्य पुष्पांजलिं क्षिपेत्.....।।

जयमाला

दोहा

ज्ञानमती को नित नमूँ, ज्ञान कली खिल जाय।
ज्ञानज्योति की चमक में, जीवन मम मिल जाय।।

धुन–नागिन–मेरा मन डोले.....।

हे बालसती, माँ ज्ञानमती, हम आए तेरे द्वार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।
शरद पूर्णिमा दिन था सुन्दर, तुम धरती पर आईं।
सन् उन्निस सौ चौंतिस में माँ, मोहिनि जी हर्षाईं।। माता...।।
थे पिता धन्य, नगरी भी धन्य, मैना के इस अवतार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।१।।

बाल्यकाल से ही मैना के, मन वैराग्य समाया।
तोड़ जगत के बंधन सारे,छोड़ी ममता माया।। माता....।।

गुरु संग मिला, अवलम्ब मिला, पग बढ़े मुक्ति के द्वार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।२।।

शान्तिसिन्धु की प्रथम शिष्यता, वीरसिन्धु ने पाई।
उनकी शिष्या ज्ञानमती जी ने, ज्ञान की ज्योति जलाई।। माता....।।
शिवरागी की, वैरागी की, ले दीप सुमन का थाल रे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।३।।

माता तुम आशीर्वाद से, जम्बूद्वीप बना है।
हस्तिनापुर की पुण्यधरा पर, कैसा अलख जगा है।। माता....।।
ज्ञानज्योति चली, जग भ्रमण करी, तेरे ही ज्ञान आधार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।४।।

तीर्थ अयोध्या, मांगीतुंगी, का विकास करवाया।
फिर प्रयाग में तपस्थली का, नूतन तीर्थ बनाया।। माता.....।।
प्रभु समवसरण, रथ हुआ भ्रमण, श्री ऋषभदेव के नाम का,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।५।।

कुण्डलपुर तीरथ विकास की, नई प्रेरणा आई।
महावीर की जन्मभूमि में, अगणित खुशियाँ छाईं।। माता...।।
महावीर ज्योति, रथ से उद्योत, कर दिया पुनः संसार को,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।६।।

तीर्थंकर की जन्मभूमियों, का विकास करवाया।
पार्श्वनाथ के उत्सव का फिर, तुमने बिगुल बजाया।। माता.....।।
संदेश दिया, उपदेश दिया, भावना हुई साकार है,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।७।।

यथा नाम गुण भी हैं वैसे, तुम हो ज्ञान की दाता।
तुम चरणों में आकर के हर, जनमानस हर्षाता।। माता....।।

साहित्य सृजन, श्रुत में ही रमण, कर चलीं स्वात्म विश्राम पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।८।।

गणिनी माता के चरणों में, यही याचना करते ।
कहे ''चन्दनामती'' ज्ञान की , सरिता मुझमें भर दे।। माता.....।।
ज्ञानदाता की, जगमाता की, वन्दना करूँ शतबार मैं,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।९।।

दोहा

लोहे को सोना करे, पारस जग विख्यात।
तुम जग को पारस करो, स्वयं ज्ञानमति मात।।१०।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुखश्रीज्ञानमतीमात्रे जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा, दिव्य पुष्पांजलिः।

शंभुछंद

जो गणिनी ज्ञानमती माता की, करें सदा पूजा रुचि से।
वे ज्ञानामृत से निज मन को, पावन कर अभिसिंचित करते।।
इस शरदपूर्णिमा के चन्दा की, ज्ञानरश्मियाँ बढ़ें सदा।
''चन्दनामती'' युग युग तक यह,आलोक जगत को मिले सदा।।

इत्याशीर्वादः, पुष्पांजलिः